प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा भारतीय सौर्य ऊर्जा निगम के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया





नई दिल्ली, जून 21, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एम.एन.आर.ई.) के अधीन एक नवरत्न सी.पी.एस.ई., द्वारा सुंदर नर्सरी, नई दिल्ली में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के समारोह में सक्रिय रूप से भाग लिया। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय एवं भारतीय सौर्य ऊर्जा निगम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम को इस वर्ष के वैश्विक विषय "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग" के साथ मनाया गया, जिसमें जीवन के हर चरण में गतिशीलता, दीर्घायु और समग्र कल्याण को बढ़ावा देने में योग की भूमिका पर प्रकाश डाला गया।



इस कार्यक्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के सचिव श्री संतोष कुमार सारंगी, एम.एन.आर.ई. के अपर सचिव श्री मयंक तिवारी, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास, भारतीय सौर्य ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक, श्री आकाश त्रिपाठी, एम.एन.आर.ई. के संयुक्त सचिव श्री अनुपम कुमार तथा एम.एन.आर.ई., इरेडा एवं भारतीय सौर्य ऊर्जा निगम के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मंत्रालय और सी.पी.एस.ई. के बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने योग सत्र में भाग लिया, जिससे स्वास्थ्य, सचेतनता और प्रकृति के साथ सामंजस्य की सामूहिक भावना को बढ़ावा मिला।

श्री प्रदीप कुमार दास, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, इरेडा एवं डॉ. बिजय कुमार मोहंती, निदेशक (वित्त), इरेडा के साथ इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर, श्री दास ने शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक कल्याण को बढ़ाने के लिए योग को दैनिक अभ्यास के रूप में अपनाने के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा और सार्वजनिक सेवा के गतिशील और प्रभावशाली क्षेत्रों में लगे पेशेवरों के लिए। उन्होंने राष्ट्र के लिए स्वच्छ और हरित ऊर्जा समाधानों को आगे बढ़ाने के अपने मिशन के साथ समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए इरेडा की प्रतिबद्धता को दोहराया।

इरेडा अपने कर्मचारियों के समग्र कल्याण के लिए रविवार और राजपत्रित अवकाश को छोड़कर प्रतिदिन योग और ध्यान सत्र आयोजित करता है।